भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †1128
सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**प्रसाद योजना के अंतर्गत बक्सर को शामिल करना**

**†1128. श्री सुधाकर सिंहः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रसाद (तीर्थयात्रा पुनरुद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान) योजना की वर्तमान स्थिति क्या है और उक्त योजना के अंतर्गत सम्पूर्ण देश में कितनी परियोजनाएं कार्यान्वित की गई हैं;

(ख) क्या सरकार ने बिहार में स्थित बक्सर को भगवान राम की शिक्षा प्राप्त करने वाली भूमि और प्रसिद्ध पंचकोसी परिक्रमा मेले के स्थल के रूप में इसके ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व को देखते हुए प्रसाद योजना के अंतर्गत शामिल करने पर विचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा बक्सर में अवसंरचना विकास, विरासत परिरक्षण और इसके सांस्कृतिक महत्व के विपणन सहित पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए उठाए जा रहे विशिष्ट कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार की बक्सर और राज्य में अन्य ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण स्थलों में तीर्थयात्रा और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बिहार सरकार के साथ सहयोग करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): पर्यटन मंत्रालय "तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)" नामक अपनी योजना के तहत राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को चिह्नित तीर्थस्थलों तथा विरासत स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने अब तक 27 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में 1594.40 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की 47 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का उनकी स्थिति सहित विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) से (घ): प्रशाद योजना के तहत बिहार के बक्सर को शामिल करने से संबंधित कोई प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय ने उक्त योजना के तहत बिहार में 'पटना साहिब का विकास' और 'विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास' नामक दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने प्रशाद योजना के तहत बिहार में दो स्थलों यथा सिमरिया घाट, बेगुसराय जिला और आमी मंदिर, सारण जिला, को चिह्नित किया है।

पर्यटन मंत्रालय अपने चल रहे प्रयासों के भाग के रूप में संवर्धनात्मक कार्यकलापों, आयोजनों, वेबसाइट, सोशल मीडिया संवर्धन आदि के माध्यम से बिहार में बक्सर सहित देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है।

पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और ऐसी परियोजनाओं के लिए निर्धारित शर्तों तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*******

**अनुबंध**

श्री सुधाकर सिंह द्वारा प्रसाद योजना के अंतर्गत बक्सर को शामिल करना के संबंध में दिनांक 10.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †1128 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

**प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रुपए में)**

| **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **अनुमोदित लागत** | **जारी राशि** | **वास्तविक प्रगति %** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1 | अमरावती में तीर्थयात्री सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 27.77 | 27.77 | 100% |
| | 2 | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 | 43.08 | 100% |
| | 3 | सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 54.04 | 13.69 | 28% |
| | 4 | अन्नावरम मंदिर नगर में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2024-25 | 25.33 | - | 0% |
| अरुणाचल प्रदेश | 5 | परशुराम कुंड का विकास | 2020-21 | 37.88 | 21.95 | 86% |
| असम | 6 | कामाख्या मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 29.80 | 29.80 | 100% |
| बिहार | 7 | पटना साहिब में विकास | 2015-16 | 29.62 | 29.62 | 100% |
| | 8 | विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 3.63 | 3.63 | 100% |
| छत्तीसगढ़ | 9 | माँ बमलेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 48.44 | 32.13 | 90% |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गोवा | 10 | बोम जीसस बेसिलिका का विकास | 2024-25 | 16.46 | - | 0% |
| गुजरात | 11 | द्वारका का विकास | 2016-17 | 10.46 | 10.46 | 100% |
| | 12 | सोमनाथ में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2016-17 | 45.36 | 45.36 | 100% |
| | 13 | सोमनाथ में सैरगाह का विकास | 2018-19 | 47.12 | 47.12 | 100% |
| | 14 | अम्बाजी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 50.00 | 10.54 | 30% |
| हरियाणा | 15 | माता मनसा देवी मंदिर एवं नाडा साहेब गुरुद्वारा का विकास | 2019-20 | 48.53 | 34.68 | 74% |
| जम्मू और कश्मीर | 16 | हज़रतबल दरगाह में विकास | 2016-17 | 40.46 | 34.30 | 90% |
| झारखंड | 17 | बाबा बैद्यनाथ धाम का विकास | 2018-19 | 36.79 | 34.95 | 100% |
| कर्नाटक | 18 | श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.71 | 0.00 | 0% |
| केरल | 19 | गुरुवायूर मंदिर में विकास | 2016-17 | 45.19 | 45.19 | 100% |
| मध्य प्रदेश | 20 | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 | 34.73 | 81% |
| | 21 | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 | 43.93 | 100% |
| महाराष्ट्र | 22 | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 42.18 | 29.93 | 93% |
| मेघालय | 23 | नोंगस्वालिया चर्च, नर्तियांग शक्ति पीठ, ऐतनार पूल और चरणतला काली मंदिर में तीर्थ सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.29 | 24.92 | 100% |
| मिजोरम | 24 | चिटे वांग, ज़ुआंगताई, रईक और आइजोल में तीर्थ और विरासत पर्यटन के लिए | 2022-23 | 44.89 | 13.18 | 29% |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अवसंरचना का विकास | | | | |
| नागालैंड | 25 | मोलुंगकिमोंग, नोक्सेन चर्च, ऐज़ुटो, वोखा और कोहिमा में तीर्थ अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.20 | 21.33 | 100% |
| | 26 | जुन्हेबोटो में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 | 10.91 | 62% |
| ओडिशा | 27 | पुरी में अवसंरचना का विकास | 2014-15 | 50.00 | 10.00 | - |
| पंजाब | 28 | अमृतसर में करुणा सागर वाल्मिकी स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 | 6.40 | 100% |
| | 29 | चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 | 17.49 | 79% |
| राजस्थान | 30 | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 | 26.11 | 100% |
| सिक्किम | 31 | फोर पैट्रन सेंट्स, युक्सोम में तीर्थ सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 | 28.31 | 87% |
| तमिलनाडु | 32 | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | 13.99 | 100% |
| | 33 | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 | 4.86 | 100% |
| तेलंगाना | 34 | जोगुलम्बा देवी मंदिर का विकास | 2020-21 | 38.90 | 33.07 | 72% |
| | 35 | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर में तीर्थ और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 | 12.82 | 37% |
| | 36 | भद्राचलम में तीर्थ अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 | 8.43 | 15% |
| त्रिपुरा | 37 | त्रिपुर सुंदरी मंदिर का विकास | 2020-21 | 34.43 | 25.62 | 63% |
| उत्तर प्रदेश | 38 | वाराणसी का विकास - | 2015-16 | 18.73 | 18.73 | 100% |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | चरण - I | | | | |
| | 39 | मथुरा-वृंदावन का मेगा पर्यटन परिपथ के रूप में विकास (चरण-II) | 2014-15 | 10.98 | 10.98 | 100% |
| | 40 | वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास | 2017-18 | 9.02 | 9.02 | 100% |
| | 41 | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 | 9.36 | 100% |
| | 42 | वाराणसी का विकास - चरण II | 2017-18 | 44.60 | 31.77 | 100% |
| | 43 | गोवर्धन में अवसंरचना संबंधी सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 | 30.97 | 100% |
| उत्तराखंड | 44 | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 | 34.77 | 34.77 | 100% |
| | 45 | बद्रीनाथ जी धाम में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 56.15 | 38.38 | 85% |
| | 46 | गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थ अवसंरचना सुविधाओं का विस्तार | 2021-22 | 54.36 | 10.22 | 100% |
| पश्चिम बंगाल | 47 | बेलूर मठ का विकास | 2016-17 | 30.03 | 23.39 | 100% |

*****